कार्यालय प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनामः शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
नैक ग्रेड– ए+, सी.पी.ई– फेस–3 डी.बी.टी. – स्टार कॉलेज
फोन नं. 0788.2211688, फैक्स नं. 0788.2212030

दिनांक 11.06.2026

प्रवेश अधिसूचना

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सत्र् 2026–27 के तहत स्नातक प्रथम सेमेस्टर (बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम. एवं बी.सी.ए. में नियमित प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी हेतु ऑनलाइन पद्धति से प्रवेश आवेदन फार्म प्रांरभ किया गया है :–

प्रवेश कार्यक्रम

क्र.	विवरण	प्रथम चरण प्रवेश हेतु	द्वितीय चरण प्रवेश हेतु	तृतीय चरण प्रवेश हेतु	चतुर्थ चरण हेतु
01	प्रवेश प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन पोर्टल प्रारंभ करने की तिथि	01.06.2026 से 15.06.2026 तक रात्रि 12.00 बजे	23.06.2026 से 26.06.2026 तक रात्रि 12.00 बजे	03.07.2026 से 07.06.2026 तक रात्रि 12.00 बजे	12.07.2026 से 15.07.2026 तक रात्रि 12.00 बजे
02	मेरिट सूची जारी करने की तिथि	**16.06.2026**	**27.06.2026**	**08.07.2026**	**16.07.2026**
03	महाविद्यालय में प्रवेश की तिथि	17.06.2026 से 22.06.2026 तक	29.06.2026 से 02.07.2026 तक	09.07.2026 से 11.07.2026 तक	17.07.2026 से 20.07.2026 तक

नोट :– चतुर्थ चरण के पश्चात् भी सीट रिक्त रहने पर 21.07.2026 से 25.07.2026 तक पुनः पोर्टल खोला जाएगा तथा प्रवेश की अंतिम तिथि 31.07.2026 रहेगी।

छात्र/छात्राओं हेतु आवश्यक निर्देश :–

1. सभी विद्यार्थियों के लिए ABC ID (Academic Bank of Credit) बनाना अनिवार्य है। ABC ID बनने के बाद ही प्रवेश आवेदन फॉर्म भरा जा सकेगा। प्रवेश सत्यापन के समय ABC ID की हार्ड कॉपी लाना आवश्यक है।

2. जिन नियमित विद्यार्थियों ने पहले से ABC ID बना रखी है, उन्हें पुनः ABC ID बनाने की आवश्यकता नहीं है।

3. मेरिट सूची जारी होने के बाद सूची में नाम आने पर संबंधित विद्यार्थी महाविद्यालय के विभिन्न संकाय के प्रवेश प्रभारी के समक्ष निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से सभी आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन करवाये तथा सत्यापन के उपरांत

ऑनलाइन पोर्टल में निर्धारित प्रवेश शुल्क ऑनलाइन माध्यम ऑनलाइन माध्यम **(Internet Banking / Debit Card / Credit Card / UPI)** से जमा किया जाएगा। शुल्क जमा होने के बाद ही प्रवेश अंतिम रूप से मान्य होगा।

4. मेरिट सूची में नाम आने के पश्चात निर्धारित समय–सीमा के भीतर प्रवेश शुल्क का भुगतान करना अनिवार्य होगा। यदि कोई विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक प्रवेश शुल्क जमा नहीं करता है, तो उसका प्रवेश दावा स्वतः निरस्त माना जाएगा तथा रिक्त सीटों के लिए अगली मेरिट सूची जारी कर अन्य पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश का अवसर प्रदान किया जाएगा।

5. ऑनलाइन प्रवेश शुल्क की रसीद दो प्रतियों में प्रिंट कर एक प्रति महाविद्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

6. प्रथम मेरिट सूची में चयन न होने वाले विद्यार्थियों को मेरिट के आधार पर आगामी मेरिट सूची में शामिल किया जाएगा।

7. **NEP–2020** के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित विद्यार्थियों को **GE** एवं **VAC** विषयों का चयन पोर्टल के माध्यम से करना अनिवार्य होगा।

8. ऑनलाइन आवेदन करने के बाद आवेदन की प्रति सुरक्षित रखें। मेरिट सूची में नाम आने पर आवेदन पत्र, मूल दस्तावेज एवं छायाप्रति के साथ प्रवेश प्रभारी के समक्ष उपस्थित होना होगा।

9. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी छत्तीसगढ़ राज्य का स्थायी जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

10. प्रवेश से संबंधित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी मेरिट सूची जारी होने के बाद प्रवेश प्रभारी द्वारा दी जाएगी।

11. विद्यार्थी अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय की सूचना पटल एवं वेबसाइट **www.govtsciencecollegedurg.ac.in** का नियमित अवलोकन करते रहें।

15/6/2026

प्राचार्य
शास.वि.या.ता.स्नात.स्वशासी महावि.
दुर्ग (छ.ग.)